हरिभूमि
भिवानी भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला रोष मार्च एवं सत्याग्रह, खड़गे के अपमान पर भड़के कांग्रेसी

भिवानी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई घटना के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस की शहरी व ग्रामीण जिला कमेटी ने रोष मार्च एवं सत्याग्रह निकाला। कार्यक्रम में जिलेभर के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में भाग लेकर कड़ा रोष जताया। रोष मार्च की शुरुआत हांसी गेट से हुई, जहां से रोष मार्च निकालते हुए कांग्रेसजन प्रदर्शन करते हुए बासिया भवन के नजदीक स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक तक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और संबंधित व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपमान को लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला बताया।

GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

संस्कृति, लोक कलाओं एवं मातृत्व शक्ति के सम्मान का केंद्र बना भिवानी

हरियाली तीज युवाओं को परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यमः तृप्ति

विलुप्त होती परंपराओं को जीवित रखने एवं सहेजने को हरियाली तीज महोत्सव जरूरीः सर्राफ

समृद्ध लोक संस्कृति एवं श्रीसनातन परंपराओं का संवर्धन है महोत्सव का मुख्य ध्येयः महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। हरियाली तीज महोत्सव में झूला झुलती हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण व अन्य महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में शुक्रवार से तीन दिवसीय चतुर्थ हरियाली तीज मेला महोत्सव-2026 का रंगारंग आगाज हुआ। युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक, धार्मिक और पारिवारिक महोत्सव धाम के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिली। प्रातःकालीन सत्र का विधिवत उद्घाटन हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋतु अमित गोयल ने की। वहीं सायंकालीन सत्र में विधायक घनश्यामदास सर्राफ मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की तथा अध्यक्षता नप की चेयरपर्सन प्रीति भवानी प्रताप ने की। मंच संचालन की जिम्मेदारी राजकुमार सैनी, दिनेश दाधीच व छवि कितलाना ने निभाई। श्योराण ने कहा कि हरियाली तीज जैसे सांस्कृतिक और पारंपरिक महोत्सव हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कारों और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। विधायक सर्राफ ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी विलुप्त होती परंपराओं को जीवित रखने और सहेजने के लिए ऐसे त्रिदिवसीय आयोजनों की अति आवश्यकता है। महंत चरणदास ने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन का मुख्य ध्येय हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, श्रीसनातन परंपराओं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। मेले में बच्चों, महिलाओं और परिवारों के लिए मनोरंजन व रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महिलाओं व बच्चों के लिए मेहंदी, चित्रकला, केश सज्जा, पारंपरिक परिधान प्रदर्शन, राखी बनाओ, कबाड़ से जुगाड़ तथा बिना अग्नि के खाना बनाओ जैसी विविधतापूर्ण प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। लक्की ड्रॉ के तहत प्रथम दिन शुद्ध चांदी का सिक्का दिया।

स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्श हमारी अमूल्य धरोहरः बलराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में हरियाली तीज एवं स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर देशभक्ति, संस्कृति और सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक बलराज फौगाट एवं प्राचार्या नमिता दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, हरियाणवी रागनी, तीज के लोकगीतों और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम की मनोहारी झलक प्रस्तुत की।

प्राइमरी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतीकों और स्वतंत्रता सेनानियों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण हिंदी नाटक भगत सिंह की आत्मा रहा। कविताओं व भाषणों ने भी देशप्रेम की भावना जागृत की। निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि स्वतंत्रता अधिकारों के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को निभाने की जिम्मेदारी भी है। युवा शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़ें तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। विद्यालय प्रबंधन समिति के रमेश गुलिया, बलजीत नेहरा, सुरेंद्र फौगाट, प्राचार्या नमिता दास एवं उपप्राचार्य नवीन सनवाल ने सभी को तीज और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ
पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति
राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

तीज महोत्सव व स्वतंत्रता दिवस समारोह में दिखा संस्कृति एवं देशभक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज चरखी दादरी

बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में तीज महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया। तीज महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति की मनमोहक छटा देखने को मिली। छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में तीज के लोकगीतों एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दीं और झूलों का आनंद लिया। महिला स्टाफ सदस्यों ने भी एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन कुमार शर्मा ने कहा कि तीज जैसे पर्व विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ते हैं, जबकि स्वतंत्रता दिवस वीर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। उन्हें शिक्षा के साथ अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम, संस्कार और राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

आदर्श वमावि कैरू में हरियाली तीज और स्वतंत्रता दिवस पर मेहंदी प्रतियोगिता करवाई

तोशाम। प्राचीन काल से ही कला भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। इसी संदर्भ में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में हरियाली तीज व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं के लिए विशेष तौर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आदर्श ग्रुप ऑफ इंस्टिटयूशन के डिप्टी डायरेक्टर विकास बंगालिया व प्राचार्य एस एन पालीवाल ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर सुंदर डिजाइनों में मेहंदी लगाकर सबका मन मोह लिया। कनिष्ठ वर्ग में पाँचवी से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियागिता आयोजित की गई। दोनों वर्गों के बीच रही प्रतियोगिता में किसी भी प्रतिभा को कमत्तर आंकलन संभव नहीं था चूंकि प्रतियोगिता थी तो अव्वल का चुनाव करना आवश्यक और विवशता थी। निर्णायक की भूमिका में प्राध्यापिका प्रवीन कुमारी, निर्मल देवी, शालु अग्रवाल व मनीषा भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। निर्णायकों के आंकलन के बाद कनिष्ठ वर्ग से रोहिणी, निशा, तनुजा, खुशी, मोनिका, लुभावना व सुप्रीत तथा वरिष्ठ वर्ग से प्रिया, लक्की, शीतल, उपासना सिंह, रितीका ने सबसे सुन्दर मेहंदी रचाई। अंत में डिप्टी डायरेक्टर ने सभी विजेताओं, समस्त छात्र-छात्राओं तथा सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं को हरियाली तीज व स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उपप्राचार्य संजय जांगड़ा, कॉर्डिनेटर रामफल सिंह व एक्टिविटी इंचार्ज हनिश कुमार उपस्थित रहे।

H.D. Birohar
लगातार सबसे आगे............
हमारी पहचान उत्तम अनुशासन श्रेष्ठ परिणाम
दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, शिक्षा एवं संस्कार का संगम एच. डी. बिरोहड़
Aff. to CBSE Delhi, English Meadiam
We Prepare for
Foundation classes (6th onwords)
NEET | JEE | NTSE | NDA | MNS
Nursery to 12th (English Medium)
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं
बड़ी उपलब्धि
35 विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय खेलों में चयन
Contact No.: 8607198682 , 8059923555

वैश्य मॉडल स्कूल की तिरंगा रैली ने जगाई राष्ट्र भक्ति की अलख

भिवानी। स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लगभग 500 विद्यार्थियों ने आज भव्य तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का सशक्त संदेश दिया। हाथों में शान से लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो उठा। विद्यार्थियों का जोश, उत्साह और अनुशासन देखते ही बनता था। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं विधायक भिवानी घनश्याम दास सर्राफ तथा वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लगभग 500 विद्यार्थियों ने आज भव्य तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम का सशक्त संदेश दिया

इस अवसर पर महासचिव बृजलाल सर्राफ, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल, सदस्य प्रवीण गर्ग, सदस्य पवन अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि कमल गोयल एवं प्रधानाचार्या कमला गुरेजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम दास सर्राफ ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हमें सदैव तिरंगे का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा, "तिरंगा हमें एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। हमारे विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। वे शिक्षा के साथ संस्कार, कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन का आधार बनाकर विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

SVM SR SEC SCHOOL KADMA
AIM HIGH ACHIEVE MORE
Nurturing Values, Inspiring Excellence
CA FOUNDATION
YOUR JOURNEY TO SUCCESS STARTS HERE!
We are PROUD of You!
Heartiest Congratulations!
Antima Phogat
D/o Sh. Satyawan Phogat
NEET QUALIFIED
ARYAN SANGWAN DAGROLI 575/720 98.95%
NISHA THALOR KADMA 578/720 98.95%
Limited Seat Available Enroll Now
ADMISSION OPEN 2026-27
EXPERT GUIDANCE FOR: CLASSES NURSERY TO CLASS XII, CA FOUNDATION, IIT-JEE, NEET, NDA
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
9812303458, 9416231223, 9813547849, 9991348449
Address : Kadma, Ch. Dadri-127312
svmchoolkadma2012@gmail.com

BR GROUP OF INSTITUTIONS
Empowering Education
Happy Independence Day 15 AUGUST
ADMISSION OPEN 2026-2027
ONLINE & DISTANCE COURSES — GJUS&T, Hisar —
• B.A. • B.Com. • M.A.
• M.B.A. • M.C.A.
• M.Com.
• M.Sc. (Math)
REGULAR COURSES Affiliated to IGU Meerpur, Rewari
• B.A.
• B.Sc. (Physical Science)
• B.Sc. (Life Science)
• B.Com.
• B.Ed.
Sehlang, Mahendergarh
Birhi Kalan, Charkhi Dadri
9416344514, 9991647879
info@brschool.edu.in

सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान

सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हरियाली तीज
की हार्दिक शुभकामनाएं
15 August
सुनीता दांगी
चेयरपर्सन
महिला विकास निगम
हरियाणा


स्वतंत्रता दिवस एवं हरियाली तीज
की हार्दिक बधाई
आओ झुककर सलाम करें उनको
जिनके हिस्से मे ये मुकाम आता है,
खुशनसीब होता है वो खून,
जो देश के काम आता है
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
सोमबीर घसौला
(सुरमवीर) हलका बाढड़ा
प्रधान, हरियाणा प्रदेश माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन, मो. 9992000555

इंडियन नेशनल लोकदल
27 सितम्बर को
ताऊ देवीलाल जी
के सम्मान दिवस
समारोह
नुह मेवात में
ज्यादा से ज्यादा संख्या
में पहुंच कर प्रोग्राम
की शोभा बढ़ाएं
स्वतंत्रता
दिवस की
हार्दिक
शुभकामनाएं
आनन्द सिंह श्योराण
प्रांतीय सचिव,
जिला प्रभारी नूंह, इनेलो

सभी क्षेत्रवासियों को हरिभूमि परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस, हरियाली तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं सभी विज्ञापनदाताओं के सदैव की तरह अबकी बार फिर सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री, तोशाम। 9812693394, 8929361000, कार्यालय : आरसीआईटी कंप्यूटर इंस्टीट्यूट एवं प्रूडेन्स लाइब्रेरी, नजदीक सुरेंद्र सिंह चौक, तोशाम।

दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को लेकर अंबेडकर कॉलोनी में फूंका उतराखंड सरकार का पुतला

भिवानी। जनसंघर्ष समिति ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़के के साथ उतराखंड के हल्दवानी में रैली को सम्बोधित करने के बाद उस जगह को कथित तौर पर पवित्र करने के नाम पर सत्ताधारी पार्टी के कुछ असामाजिक तत्वों ने जो दृश्य पेश किया है, वह घोर निंदनीय है और उसके विरोध में अम्बेडकर कॉलोनी में विरोध स्वरूप धामी सरकार का पुतला फूंका और इसे सीधे तौर पर छुआछूत की कार्यवाही बताया। समिति के जिला संयोजककामरेड ओमप्रकाश व दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास ने आरोप लगाया कि आजादी के 79 साल के बाद भी ऐसी घटनाएं समाज पर कंलक है।

डीसी ने भीम स्टेडियम का दौरा कर तैयारियों का लिया जायजा

राज्यसभा सांसद बराला होंगे जिला स्तरीय समारोह मे मुख्य अतिथि

उपायुक्त ने बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया

भिवानी। समारोह स्थल का निरीक्षण करते डीसी साहिल गुप्ता और अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को भीम स्टेडियम का दौरा किया तथा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने समारोह स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाना है, इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने बताया कि समारोह में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि होंगे तथा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का भी गायन होगा। डीसी ने समारोह स्थल पर बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर आने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों, अतिथियों एवं आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के लिए गौरव और सम्मान का पर्व है। जिला स्तरीय समारोह को पूरी गरिमा के साथ आयोजित करने के लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं, प्राथमिक उपचार, सुरक्षा, पार्किंग, बिजली व्यवस्था, मंच एवं बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण रूप से सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समारोह स्थल पर अंतिम तैयारियों की लगातार निगरानी रखने के भी निर्देश दिए।

ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार, डीएसपी अनूप सिंह, उप वन संरक्षक डॉ. राजेश वत्स, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, डीआईओ अमित लांबा, जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चोरों ने स्कूल से बिजली के उपकरण चुराए

बवानीखेड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में चोरों ने रात के समय सेंध लगाकर बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। स्कूल की ओर से थाना बवानी खेड़ा में दी गई शिकायत के अनुसार चोरी की घटना 13 अगस्त की रात को हुई। शिकायत में मुखिया शारदा ने बताया गया कि चोर मेन गेट से स्कूल परिसर में दाखिल हुए और अंदर के कई कमरों के ताले तोड़कर बिजली की फिटिंग उखाड़ ले गए।

बोर्ड भी तोड़े, तार गायब

चोरों ने कटोरी तथा बोर्ड भी तोड़ दिए, जबकि अंदर लगे तार गायब मिले। घटना के कारण स्कूल को हजारों रुपये का नुकसान होने की बात कही गई है। स्कूल प्रबंधन ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, नुकसान की भरपाई करवाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों का पता लगाने की मांग की गई है। वहीं थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है, जल्दी खुलासा होगा।

अवैध कॉलोनी में प्रशासन ने 245 मीटर इंटरलॉक टाइल रोड तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा शहरी क्षेत्र सिवानी में अवैध निर्माण एवं कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाई गई इंटरलॉक टाइल रोड़ को तोड़ा गया। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार और ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा पुलिस विभाग के सहयोग से अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार जयदीप ने बताया कि शहरी क्षेत्र सिवानी के मौजा गेंडावास में सिवानी-राजगढ़ रोड़ पर लगभग चार एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में बनाई गई करीब 245 मीटर लंबी इंटरलॉक टाइल रोड के अवैध निर्माण को तोड़ा गया। इस दौरान विभाग ने आमजन से अपील की है कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट एवं मकान खरीदने से बचें तथा प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सडक़ों की हरित पट्टी में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से अवैध कॉलोनियों में निवेश न करने और किसी भी निर्माण से पूर्व विभागीय अनुमति की जांच करने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ

पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

Website : www.vaishmodelschoolbhiwani.com Ph. No. : 01664-242386, 7056754742 E-mail : vmsbhiwani@gmail.com

VAISH MODEL SR. SEC. SCHOOL

(An ISO 9001 : 2008 Certified Institution)

Loharu Road, Bhiwani

(A Renowned English Medium, Co-Educational Institute, Affiliated to CBSE vide Affiliation No. 530108)

15th Aug 2026 80th

Extends HEARTFELT WISHES for INDEPENDENCE DAY to all the residents of District Bhiwani

An Overview of Our Board Results

Class-X

Vrinda (499/500 i.e. 99.8%) National Level First Runner Up at Class X Board Results,2026.

Class-XII

Khushi 96.6% Commerce Group

Himani 95.8% Science Group

Himanshi 93.6% Humanities Group

Spectacular performance in Co-curricular Activities

Ishika of Class XI, won a prestigious award of Rs.10,000/- by getting 2nd position at State Level Letter Writing Competition 'Dhai Aakhar' organised by Deptt. of Posts, India.

Saachi Goyal 10th

Hardik 9th

Moksh 9th

Bhavya Kalonia 8th

These four students have won Deen Dayal SPARSH Yojana Scholarship of Rs.24,000/-, provided by Deptt. of Posts, India.

Legal Literacy Competitions

- Our school bagged top ranks in 7 out of 10 competitions organised by District Legal Services Authority whose details are as follows :
  - 1st : Skit, Power Point Presentation Slogan Writing Competition.
  - 2nd : Documentary, Quiz on the Spot Painting Competition.
  - 3rd : Speech Competition.
- All these teams will now appear for District Level Competitions in the forthcoming weeks.

Achievements in Sports

- Kashish of Class-11th has qualified for National Level Javelin Throw Competition by getting first position at State Level.
- Many of our students have been selected for State Level Sports Competitions in various groups as follows-
  - Gymnastic : Suhani, Vaibhav, Neelakshi
  - Swimming : Jahan Sharma
  - Cycling : Vansh
  - Lawn Tennis : Ananya
  - Chess : Kanish Tanwar, Himesh
  - Badminton : Sheffali, Garika Makhija, Harman Kathpalia
  - Basketball : Saurav
  - Athletics : Kashish

Ghanshyam Saraf M.L.A. Bhiwani President

Suresh Gupta Vice-President

Brijlal Saraf General Secretary

Sunder Lal Aggarwal Treasurer

Kamla Gureja Principal

वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि और लिपिक के बीच विवाद,मामला थाने तक पहुंचा

प्रॉपर्टी ट्रांसफर को लेकर विवाद, रिश्वत के आरोपों से गरमाया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। थाने में शिकायत देने पहुंचे नगरपरिषद पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि और नगर परिषद क्लर्क के बीच विवाद बढ़ने से हंगामा हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाद के दौरान हाथापाई होने की बात भी सामने आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप और अन्य पार्षद सिटी थाना पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

वहीं, क्लर्क को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। संदीप ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति करीब एक महीने से प्रॉपर्टी संबंधी काम के लिए उनके पास आ रहा था। आवेदन और एफिडेविट कर्मचारी के पास पहुंचने के बावजूद काम नहीं किया गया। उन्होंने कर्मचारियों पर पैसे लेकर काम करने का आरोप लगाया।

वार्ड-29 के पार्षद सुदामा सिंह तंवर ने भी सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया।दूसरी ओर, क्लर्क ने रिश्वत के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वैध दस्तावेज और ट्रांसफर लेटर के बिना नियमों के अनुसार फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें टैक्स ब्रांच से बुलाकर वाइस चेयरमैन के पास ले जाया गया, जहां मारपीट, दबाव और जान से मारने की धमकी दी गई।एक संपत्ति मालिक ने भी ट्रांसफर के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया है। नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की जांच के बाद ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

स्कार्पियो सवार युवकों पर फायरिंग मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

चरखी दादरी। दादरी के तहसील रोड पर सिटी थाने के समीप गत छह अगस्त को स्कॉर्पियो सवार युवकों पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में दादरी पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है।

न्यायिक हिरासत में भेजा

पुलिस ने आरोपित टिंकू पुत्र सुमेर सिंह निवासी गांव चिड़िया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दादरी पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के निर्देशन में थाना शहर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। अनुसंधान अधिकारी पीएसआई विजय कुमार ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए टिंकू को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य संभावित आरोपितों की तलाश कर रही है।

सीपीडी प्रशिक्षण में सीखें ज्ञान को कक्षाओं में लागू करने का आह्वान

भिवानी। सीपीडी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर एकत्रित मास्टर ट्रेनर व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

चरखी दादरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिरहीकलां (डाइट) में टीजीटी विज्ञान एवं पीजीटी जीव विज्ञान के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हो गया। पांच दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 113 टीजीटी विज्ञान तथा 22 पीजीटी जीव विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों के शिक्षण को अधिक प्रभावी, गतिविधि-आधारित एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

■ विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण में और अधिक सुधार करने को किया प्रेरित

कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में नरेश कुमार एवं राकेश गोदारा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विंग इंचार्ज नवरत्न पांडे के मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में रिटायर्ड प्राचार्य घनश्याम तथा भौतिक विज्ञान प्रवक्ता शैलेश जांगड़ा ने रिसोर्सपर्सन के रूप में अपने अनुभव एवं विषय विशेषज्ञता से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा विषय संबंधित नवीन शिक्षण विधियों, प्रयोगात्मक गतिविधियों एवं प्रभावी कक्षा-कक्ष प्रबंधन के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए डॉ. ओमप्रकाश पंवार व प्रवक्ता राजेश का विशेष आभार जताया। वहीं विंग इंचार्ज, समन्वयकों, रिसोर्सपर्सन एवं सभी प्रतिभागी शिक्षकों के योगदान की सराहना की।

खबर संक्षेप

अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी प्रजापति को अर्पित की श्रद्धांजलि

तोशाम। कुम्हार सभा समिति द्वारा प्रजापति धर्मशाला में रामचंद्र विद्यार्थी प्रजापति के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने रामचंद्र विद्यार्थी प्रजापति की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मौजूद मास्टर आत्माराम ने कहा कि रामचंद्र विद्यार्थी सन 1942 में शहीद हुए थे। उनकी शहादत ने भारत के लोगों में आजादी की लौ पैदा कर दी थी। मास्टर आत्माराम ने बताया कि रामचंद्र विद्यार्थी प्रजापति भारतीय इतिहास के सबसे कम उम्र के अमर शहीद हुए हैं।

विभाजन के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी

बवानीखेड़ा। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बवानी खेड़ा से साथी गुरुग्राम के लिए रवाना हुए। यात्रा का नेतृत्व मार्केट कमेटी प्रधान राजू हंस ने किया। इस दौरान साथियों ने कहा कि विभाजन का दर्द देश के इतिहास का ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन के समय लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा और अनेक लोगों ने अपने प्राण गंवाए। गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर विभाजन के दौरान शहीद हुए बुजुर्गों एवं सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आदर्श कॉन्वेंट स्कूल में हरियाली तीज पर कार्यक्रम

तोशाम। आदर्श कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू में स्वतंत्रता दिवस व हरियाली तीज के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें रंगोली, मेहंदी, लेमन रेस, बॉलीबाल आदि प्रतिस्पर्धाएँ शामिल की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और खेल भावना को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिसर को तिरंगे और हरियाली से सजाया गया था जिससे पूरा माहौल देशभक्ति और त्योहारों की खुशियों से भर गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन आर के बंगालिया और प्राचार्या के सुब्बुलक्ष्मी चैन्नई ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया।

निजी स्कूल वाहनों की जांच से संचालकों में मचा हड़कंप

बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा शहर में निजी स्कूल वाहनों की शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा टीमें बनाकर जांच किए जाने के बाद सड़क सुरक्षा नियमों की पालना नहीं करने वाले निजी स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है। वीरवार को जांच के दौरान ऐसे अवैध रूप से चल रहे निजी स्कूल संचालक टीम को देखकर अपने वाहनों को दूसरे रास्तों की तरफ ले जाते हुए दिखाई दिए। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि उनके अधीन आने वाले गांवों के निजी स्कूलों में भी अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की जांच की जाएगी। विभाग की सख्ती के बाद खंड के इक्का-दुक्का स्कूल संचालकों की सांस फूलने लगी हैं, जो हर छह माह में स्कूल भवन बदल लेते हैं और बैक डेट से एसएलसी जारी करते हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे स्कूलों का डाटा भी एकत्रित करने की तैयारी चल रही है। बताया जाता है कि इन स्कूलों को नीचे से सहयोग करने वाले कुछ स्कूलों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

छठे दिन विभाजन के काले अध्यायों को किया याद

'हर घर तिरंगा' अभियान सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : बुवानीवाला

हर घर तिरंगा अभियान' के तहत वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' तथा 'हर घर तिरंगा' विषय पर भव्य प्रदर्शनी एवं अंतर महाविद्यालयीन पोस्टर प्रतियोगिता करवाई।

भिवानी। हर घर तिरंगा विषय पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैश्य महाविद्यालय, भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्त्वावधान में मनाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के छठे दिन देश के विभाजन के काले अध्यायों को याद करते हुए 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' तथा 'हर घर तिरंगा' विषय पर एक भव्य प्रदर्शनी एवं अंतर महाविद्यालयीन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजित करवाई।

प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के कुशल मार्गदर्शन तथा एन.एस.एस. इकाई-1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामना कौशिक एवं इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहनलाल की सक्रिय देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराना और उनके भीतर देशभक्ति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय अखंडता की भावना को सुदृढ़ करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वैश्य महाविद्यालय भिवानी प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष डॉ पवन बुवानी वाला ने शिरकत की। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पवन बुवानीवाला ने कहा कि देश का विभाजन केवल भू-भाग का बँटवारा नहीं था, बल्कि यह लाखों परिवारों के बलिदान दर्द और संघर्ष की एक ऐसी विभीषिका थी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश की आजादी के मूल्य को समझना चाहिए तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना सर्वस्व योगदान देना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इतिहास के पन्नों से सीख लेकर ही एक सशक्त भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैचारिक परिपक्वता आती है और वे समाज व राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को बेहतर ढंग से समझते हैं। प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे तिरंगे के सम्मान को सर्वोपरि रखें और अपने आचरण से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभाएं।

बलिदान की गाथाओं को जीवंत किया

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ.कामना कौशिक ने कहा कि पोस्टर प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला और रचनात्मकता के जरिए देश के प्रति अटूट प्रेम और बलिदान की गाथाओं को जीवंत कर दिया है। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता कितनी मूल्यवान है।

युवा देश की असली ताकत

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि निस्संदेह राष्ट्र सेवा और युवा सहभागिता ही किसी भी देश की असली ताकत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से मिलने वाले ऐसे संस्कार युवाओं को अनुशासित, जिम्मेदार और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाते हैं। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा दीपिका एवं अंशा ने प्रथम, छात्रा रीतिका ने द्वितीय और छात्रा सुषमा ने तृतीय प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में एन.एस.एस. अधिकारी द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

कैरू में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

तोशाम। कस्बे में तिरंगा यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शहीदों के सम्मान में कैरू मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा की अध्यक्षता में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू से हुआ। जो देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ शहीद बगड़ावत सिंह स्मारक तक पहुंची।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं क्षेत्रवासी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैरू मण्डल प्रभारी धर्मेंद्र जिंदल, रमेश लालावास, प्रदीप गोलागढ़, महामंत्री अरुण लालावास, अनिल चेयरमैन, संदीप तंवर, अक्ष्य जुई, अशोक तंवर, सुंदरपाल सरपंच, सुभाष सरपंच, सतनारायण शर्मा, प्रदीप पोटलिया, सोनू शर्मा, नरेश देवराला, रामनिवास सुंगरपुर, सुरेंद्र मोरवाल, घनश्याम, सुभाष, संजय सुंगरपुर, कृष्ण फौजी, राजेश लाम्बा, भरत सरपंच, भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुनील शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्यों का अहम योगदान रहा।

श्रद्धासुमन अर्पित किए

वर्मा ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और इसके सम्मान में पूरा देश एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से शहीदों के जीवन और उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से कैरू गूंज उठा और पूरा क्षेत्र तिरंगामय नजर आया। यात्रा के शहीद बगड़ावत सिंह स्मारक पहुंचने पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार से आये हुए जयपाल सिंह ने शहीद स्मारक पर तिरंगा ध्वज फहराया ओर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों और स्टाफ ने निकाली भव्य 'तिरंगा यात्रा'

■ जेबीडीएम कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम। तिरंगा यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर क्षेत्र के गांव सरल में स्थित जेबीडीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन संस्थान में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला।

संस्था के निदेशक सुनील सूरा के कुशल मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों और समस्त स्टाफ सदस्यों ने मिलकर एक भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया। इस यात्रा के दौरान पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। व्हीलचेयर पर बैठे दिव्यांग बच्चों के हाथों में लहराता तिरंगा और उनके चेहरों पर देशभक्ति की अनूठी मुस्कान हर किसी को प्रेरित कर रही थी। संस्था के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और इस यात्रा को पूरी तरह सफल बनाया। इस अवसर पर संस्था निदेशक सुनील सूरा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

चैहड़ कलां में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली

बहल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लोहारू विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को आयोजित भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांव चैहड़ कलां स्थित शहीद स्मारक से शुरू हुई यात्रा चैहड़ खुर्द, बहल बाजार और बस स्टैंड होते हुए तहसील के सामने स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

यात्रा में सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल के पुत्र रोहित दलाल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। तिरंगे से सजे ट्रैक्टरों के काफिले और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

तिरंगा देश के मान-सम्मान और शान का है प्रतीक : शुकदेव मुनि

■ देश के गौरव और रक्षा के लिए हर व्यक्ति तैयार रहे : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। तिरंगायात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में तिरंगे झंडे वितरित किए गए और नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने का विशेष आह्वान किया गया। श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्याश्रम समिति के प्रशासक शुक्देव मुनि ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की शान होता है। यह सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे देश की स्वतंत्रता, मान और सम्मान का जीवंत प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील शास्त्री ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारे देश के गौरव को और अधिक बढ़ाता है। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील शास्त्री, हिमांशु शेमवाल, विनोद शर्मा, मीरा शर्मा, पवन शर्मा, प्रतिभा शर्मा, ललिता शर्मा, पारूल, तनु शर्मा, राहुल यादव, रितु शर्मा, अंजू शर्मा, संतोष, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

हिंदी भाषण प्रतियोगिता में छात्रा साक्षी ने मारी बाजी

तोशाम। शुक्रवार को आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और हरियाली तीज के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कविता, भाषण और देशभक्ती गीत प्रस्तुत किए।

तीज के अवसर पर रंगारंग हरियाणवी डांस और स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसमें देशभक्ति से सराबोर अपनी भावनाएं प्रस्तुत की व बलिदानी देशभक्तों को याद किया। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के चेयरमैन जगदीश चंद्र मालवाल ने तिरंगा फहराकर किया। बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए शानदार परेड प्रस्तुत की। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी (कक्षा 11वीं नॉन मेडिकल) द्वितीय स्थान वंशिका (10वीं ए) तृतीय स्थान नंदिनी (10वीं ए) रही। इस मौके पर अध्यक्ष ने बच्चों को आजादी का महत्व बताते हुए शहीदों के बलिदान की महिमा बताई और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्राचार्य भारत भूषण शर्मा ने बच्चों को तीज के त्योहार और स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो :एसडीएम

■ 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर एसडीएम ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम। समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर्व को लेकर एसडीएम संदीप कुमार आज शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सुरेंदर सिंह खेल परिसर में 15 अगस्त को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने बारे समीक्षा कर रहे थे । मौसम परिवर्तन होने पर चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। आपसी तालमेल से अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेवारी को गंभीरता से लें। उन्होंने समारोह की फाइनल रिहर्सल व कस्बे के प्रमुख चौराहों को फूल-मालाओं व रंग-बिरंगी लाइटों से सजावट सहित तमाम व्यवस्थाओ की विभाग वार समीक्षा करते हुए स्वतंत्रता दिवस की रौनकता बारे जानकारी ली।

विधायक के नेतृत्व में सिंघानी में निकाली तिरंगा यात्रा

लोहारू। कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नही बल्कि प्रत्येक नागरिक का गौरव है। भारत की आन, बान, शान और शौर्य का प्रतीक है। तिरंगे को हाथ लेकर प्रत्येक व्यक्ति भारतीय होने पर गौरवान्वित महसूस करता है। विधायक फरटिया शुक्रवार को गांव सिंघानी के शारदा कॉलेज में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे। इससे पहले कॉलेज परिसर में तिरंगा फहराया और सबको 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कालेज छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने गांव सिंघानी में तिरंगा यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारे लगाए। विधायक ने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारे अपार स्नेह,देशभक्ति और देशप्रेम को दर्शाता है। तिरंगा यात्रा राष्ट्र के मूल्यों, एकता-अखंडता और राष्ट्र सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी।

नई पीढ़ी को लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते त्योहार: प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू। चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में तीज उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए स्टाफ सदस्य और छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में तीज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम में कॉलेज छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और तीज त्योहार का महत्व बताया।

प्राचार्य डॉ. दलजीत ने स्टाफ सदस्यों और छात्र छात्राओं को तीज पर्व की बधाई दी और कहा कि भारतीय संस्कृति की झलक त्योहारों में देखने को मिलती है।

भारतवर्ष में मनाए जाने वाले त्योहारों से विश्व भर के लोग अभिभूत हैं। देश में मनाए जाने वाले तीज के त्योहार पर परंपराओं और समृद्ध लोक संस्कृति की छटा को देखा जा सकता है। इस मौके आयोजित कार्यक्रम में महिला स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां दी गईं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि नई पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी रहे। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यां ने छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों का एमिनेट पर्सनों से लिया फीडबैक

सीएम विंडो की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में सीएम विंडो शिकायत निवारण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीटीएम अनिल कुमार ने की। वहीं दूसरी ओर बैठक के दौरान चंडीगढ़ मुख्यालय से ओएसडी राकेश सिंधू वीसी के माध्यम से प्रदेशभर से सीएम विंडो एमीनेंट पर्सन से शिकायतों के निवारण जानकारी ली। ओएसडी राकेश सिंधू ने जिला से एमिनेंट पर्सन से सीधे संवाद करते हुए समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एमिनेंट पर्सन से शिकायतकर्ता की संतुष्टि और एटीआर पर हस्ताक्षर करने बारे जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली अधिक से अधिक शिकायतों का समाधान हो। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं एमिनेंट पर्सन मौजूद रहते हैं, जिससे आपसी तालमेल के साथ शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान संभव है। समाधान शिविरों उद्देश्य है कि आमजन की शिकायत का समाधान करना है।

मुख्यमंत्री स्वयं करते हैं समीक्षा

वहीं बैठक के दौरान सीटीएम अनिल कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के निवारण की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समीक्षा करते हैं। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी शिकायतों के निपटारे में गंभीरता, संवेदनशीलता और तत्परता बरते। बैठक में डीडीपीओ सोमबीर कादियान, डीएसपी अनूप कुमार, सीएमओ डॉ. रघुवीर शांडिल्य, सीएमजीजीए रिषव रंजन, जिला समाज कल्याण से रविन्द्र, जन स्वास्थ्य विभाग से सुनील रंगा के अलावा गैर सरकारी सदस्य नरेंद्र ग्रेवाल, अनिल सोलंकी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसपी ने किया पौधरोपण

चरखी दादरी। पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी ने अपने सरकारी आवास परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। एसपी ने कहा कि प्रकृति और मां दोनों जीवन का आधार हैं। कार्यक्रम में जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और जिले को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

10.73 ग्राम हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

चरखीदादरी। सीआईए स्टाफ ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत 10.73 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। एएसआई दिलबाग सिंह के नेतृत्व वाली टीम को यह सफलता मिली है। आरोपियों की पहचान सौरभ उर्फ पाटू निवासी झज्जर घाटी और नसीब निवासी धनिया, झज्जर के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सार्वजनिक सूचना

लेबर कोटेशन प्राप्त करने बारे।

गांव पालुवास ग्राम पंचायत के द्वारा निम्निलिखित कार्य करवाए जाने है:-

काम का नाम	अनुमानित लागत
वाटिका में हॉल कमरा व बरामदा	2094000
वाटिका में पेवर ब्लाक का रास्ता	1830000
लाइब्रेरी निर्माण व अन्य सुविधाएं	1899000
खेल ग्राऊंड की बाऊंड्री वाल निर्माण कार्य	2074000

उक्त कार्य के लिए लेबर कोटेशन दिनांक 15/8/2026 से 20/8/26 तक सांय पांच बजे तक जो सबसे कम रेट पर कराएगा उसको मौका दिया जाएगा।

ग्राम सचिव — **चित्रपाल सिंह ।**

सरपंच — **पूजा पंवार, पालुवास।**







स्वतंत्रता दिवस विशेषांक, बवानी खेड़ा

आप सभी हल्कावासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
समय-समय पर हरिभूमि को विज्ञापन के रूप में अपार प्यार देने के लिए आप सभी विज्ञापनदाताओं का दिल की गहराइयों से आभार।
दीपक कुमार डुमड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, बवानी खेड़ा 9315441412

श्री कपूर वाल्मीकि
विधायक, हलका बवानीखेड़ा

सुन्दर अत्री
चेयरमैन नगर पालिका बवानीखेड़ा

राजेन्द्र उर्फ राजू हंस
चेयरमैन मार्किट कमेटी, बवानीखेड़ा

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि
प्रो. सुरेन्द्र कुमार
वार्ड 16, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि
बलराम गुर्जर
वार्ड 11, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं पार्षद
सुभाष चन्द्र
वार्ड 13, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं भाजपा नेता
मास्टर राजेश कुमार
बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं अनाजमंडी प्रधान
सुखबीर भाकर
बवानीखेड़ा।

समाजसेवी
मनीष शंकर
शंकर मिल्क बूथ, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी
महेश कुमार
बाला जी मेडिकल हाल, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं मनोनित पार्षद
श्रीभगवान नाहड़िया
नपा बवानीखेड़ा।

समाजसेवी
केशव ठकराल
युवा भाजपा नेता, बवानीखेड़ा।

समाजसेविका वीना श्याणा
निदेशक, ग्रास रूटस पब्लिक स्कूल, बवानीखेड़ा।

समाजसेवी पवन कुमार महता
आरआर शिक्षण संस्थान संचालक
बवानीखेड़ा।

समाजसेवी एवं भाजपा नेता
राकेश कुमार
बवानीखेड़ा।